**विभागीय सचिव महोदय के अध्यक्षता में कुलपति, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के सेवा शर्त, वेतन एवं अन्य भत्ते के निर्धारण के निमित दिनांक–03.07.2025 को 11:30 बजे पूर्वाह्न में संपन्न बैठक की कार्रवाही**

उपस्थिति –

1– मनीष कुमार, सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

2– मुकेश कुमार 'मुकुल', उप सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

3– संतोष कुमार, अवर सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

4– विक्रम विकाश, प्रशाखा पदाधिकारी, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

5– डॉ० जे० के प्रसाद अधिष्ठाता–सह–कुलसचिव बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना।

6– डा० अजय कुमार शर्मा, वित्त नियंत्रक, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना।

7– धीरेन्द्र सिंह, सहायक कुलसचिव (प्रशा०), बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना।

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया एवं तत्पश्चात् बैठक की कार्रवाही प्रारम्भ की गयी। बैठक में बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना से संबंधित निम्नांकित बिन्दुओं पर विचार–विमर्श किया गयाः–

01. बैठक में अधिष्ठाता–सह–कुलसचि के द्वारा मौखिक रूप से बताया गया कि संजय गाँधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना में डेयरी प्लांट के निर्माण हेतु उपलब्ध कराये गये राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र/अद्यतन स्थिति शीघ्र उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया या राशि अनुपयोग/शेष रहने की स्थिति में वापस करने का निदेश दिया गया।

02. विश्वविद्यालय अंतर्गत जिन गैर शैक्षणिक पदों का नाम परिवर्तन किया जाना है, के संदर्भ में संबंधित पदों की भूमिका एवं दायित्व के परिवर्तन का औचित्य स्पष्ट करते हुए विभाग को सर्वप्रथम 100 पदों का प्रस्ताव भेजे जाने का निदेश दिया गया।

03. विश्वविद्यालय अंतर्गत विभिन्न पदों के वेतनमान/वेतन स्तर विसंगतियों को दूर किये जाने हेतु वित्त विभागीय परामर्श प्राप्त करते हुए नियमानुकूल कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

04. कुलपति, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के वेतन निर्धारण पूर्व में निर्गत विभागीय पत्रों के आलोक में कुलपति के पदनाम से वित्त/सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प/परिपत्र के अनुरूप नियमानुकूल वेतन निर्धारण संबंधी कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

05. बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना अंतर्गत पूर्णकालिक रजिस्ट्रार का नियुक्ति अविलम्ब किये जाने का निदेश दिया गया।

(मनीष कुमार),
सचिव,
पशु एवं मत्स्य संसाधन
विभाग,
बिहार, पटना

ज्ञापांक–6A BASU(1)22/2025–        /    पटना 15,    दिनांक–   /   /2025

प्रतिलिपिः– सचिव के आप्त सचिव/संयुक्त सचिव के आप्त सचिव/उप सचिव/अवर सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रयार्थ प्रेषित।

ह०/–

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–6A BASU(1)22/2025–– 2995/    पटना 15,    दिनांक–03/07/2025

प्रतिलिपिः– अधिष्ठाता–सह–कुलसचिव/वित नियंत्रक, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रयार्थ प्रेषित।

03/7/25

सरकार के उप सचिव